बरेली, सोमवार
5 फरवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 20

दैनिक जागरण

PAGE NO. 6: BOTTOM

कार्यक्रम | श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंसेज की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करने पर हुई चर्चा

बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंसेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन रविवार को किया गया। चिकित्सकों ने 'फीटो मैटरनल मेडिसिन (मातृ भ्रूण चिकित्सा) विज्ञान'' पर चर्चा की। इसका मुख्य उद्देश्य प्रसव से पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसव के बाद मां और भ्रूण के स्वास्थ्य पर केंद्रित था। देश में विभिन्न मेडिकल संस्थानों से आए चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा प्रसव अवस्था से पूर्व एवं बाद की विभिन्न समस्याओं और भ्रूण विसंगतियों को किस प्रकार कम किया जाए, मां एवं शिशु की मृत्यु दर को कम करना आदि पर विचार रखे गए। इस दिशा में रोजाना हो रहे शोध व इलाज के विभिन्न तरीकों के बारे में पीजी छात्रों के अतिरिक्त चिकित्सकों को जानकारी दी गई।

इससे पूर्व सेमिनार का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति, विशिष्ट अतिथि एम्स नई दिल्ली के डा.वत्सला डढवाल, कमांड हॉस्पिटल लखनऊ के डा आरके थापर, बोग्स की अध्यक्षा डा. नीरा अग्रवाल, प्राचार्य डा. एस.बी. गुप्ता, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जे.के गोयल, कार्यक्रम सचिव डा. शशि बाला आदि ने दीप जलाकर किया। संस्थान के चेयरमैन ने अतिथियों को पौध एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। अंत में पैनल डिस्कशन हुआ।